Mhahagiani Rishi Ashtavakra Kendra, Govt. College, Karnal Progress Report 2021-22

राजकीय महाविद्यालय करनाल में सत्र 2020-21 से महा ज्ञानी ऋषि अष्टावक्र केंद्र के नाम से दिव्यांग छात्रों के लिए हरियाणा सरकार द्वारा महाविद्यालय में इस केंद्र की स्थापना की गई है। इस केंद्र में अंडर ग्रेजुएट क्लासेज(B.A.) के लिए प्रवेश दिए जाते हैं और अखबारों के माध्यम से विद्यार्थियों को इस अष्टावक्र केंद्र में प्रवेश लेने के लिए प्रतिवर्ष सूचना तथा विज्ञापन दिए जाते हैं। विद्यार्थियों के लिए इस केंद्र में कंप्यूटर , प्रोजेक्टर, बैठने इत्यादि की अच्छी सुविधा उपलब्ध है तथा हरियाणा सरकार के द्वारा दिव्यांग छात्रों के लिए विभिन्न विषयों के लिए e-content (English, Hindi, Political Science & Physical Education) भी तैयार किए गए हैं जिसमें विद्यार्थी ऑनलाइन e-content के माध्यम से विभिन्न विषयों को और अच्छी तरह से तैयार कर सकते हैं। अष्टावक्र केंद्र में 2020-21 session में 6 डेफ एंड म्यूट (deaf & Mute) विद्यार्थियों ने एडमिशन लिया था और सत्र 2021-22 में इस केंद्र में 5 विद्यार्थी B.A 3rd कक्षा में शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं और अभी इन विद्यार्थियों ने बीए थर्ड सेमेस्टर के पेपर ऑनलाइन दिए हैं। यह विद्यार्थी बहुत ही होनहार है और अगर इन विद्यार्थियों को अच्छे साइन लैंग्वेज इंटरप्रेटर उपलब्ध हो सके, तो यह विद्यार्थी अपनी शिक्षा को और सुचारू रूप से प्राप्त और ग्रहण कर सकते हैं। इस संदर्भ में महाविद्यालय द्वारा कई बार उच्चतर शिक्षा निदेशालय पंचकूला हरियाणा को सूचना प्रेषित की जा चुकी है और शीघ्र ही हमें साइन लैंग्वेज इंटरप्रेटर इन विद्यार्थियों को शिक्षा प्राप्ति में आ रही मुसीबतों को दूर करने के लिए अति आवश्यक है। महाविद्यालय इस दिशा में अपने स्तर पर जितने भरसक प्रयास कर सकता है पूरी तरह से प्रयासरत है।

Kanwar 29/03/22

Incharge

Dr. Kanwar Bhan,

Associate Professor, Geography

Mahagiani Rishi Ashtavakra Kendra, Govt. College, Karnal

Scanned with CamScanner